भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 201

दिनांक 02 फरवरी, 2021 के लिए प्रश्न

विषय: 20वीं पशुधन गणना

201. श्री ए॰ गणेशमूर्तिः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सत्य है कि सरकार ने 20वीं पशुधन गणना के मुख्य परिणाम जारी किये हैं;

(ख) क्या यह सत्य है कि देश में मवेशियों की संख्या में पूर्व पशुधन गणना की तुलना में वृद्धि हुई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री

(डॉ. संजीव कुमार बालियान)

(क) जी हां, सरकार ने "20वीं पशुधन संगणना-2019 अखिल भारतीय रिपोर्ट " नामक प्रकाशन में 20वीं पशुधन संगणना के प्रमुख परिणामों को जारी कर दिया है।

(ख) देश में कुल गोपशु की आबादी में पिछली संगणना अर्थात् 19वीं पशुधन संगणना के मुकाबले 1.3% की वृद्धि हुई है।

(ग) 20वीं और 19वीं पशुधन संगणना की गोपशु आबादी का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:

श्रेणी	आबादी (मिलियन में) 19 वीं पशुधन संगणना			आबादी (मिलियन में) 20वीं पशुधन संगणना			19 वीं पशुधन संगणना के मुकाबले 20 वीं पशुधन संगणना में परिवर्तन का %		
	ग्रामीण	शहरी	कुल	ग्रामीण	शहरी	कुल	ग्रामीण	शहरी	कुल
गोपशु	183.74	7.17	190.90	185.27	8.19	193.46	0.83	14.33	1.34

....